प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची ग्रामीण क्षेत्र के लिए नई सड़कों की अनुशंसा की, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का प्रस्ताव।
- पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर गर्मी की छुट्टियों के बाद होगी सुनवाई, न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय ने खुद को सुनवाई से अलग कर मामला दूसरी बेंच को सौंपा।
- डीजीपी ने नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की, 12 महत्वपूर्ण निर्देश किए जारी।
- राज्य के 20 जिलों में वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट
- आईपीएल टी–ट्वेंटी क्रिकेट में मुंबई इंडियन्स ने राजस्थान रॉयल्स को सौ रन से हराया।

*******************

मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार ग्लोबल मीडिया डायलॉग की मेजबानी करेगा। वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल चार दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
इस अवसर पर उन्होंने देश की रचनात्मक अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाओं पर कहा कि आगामी वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान बहुत बढ़ जाएगा।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रांची ग्रामीण क्षेत्र के 10 सड़कों की अनुशंसा की है। इन सड़कों का निर्माण जल्द शुरू होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के गांव मुख्य सड़क से जुड़ सकेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की हर ग्रामीण सड़क को मुख्य सड़क से जोड़ने की दिशा में काम तेजी से चल रहा है।

*******************

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को नहीं छोड़ेगी। नई दिल्ली में बोडो नेता बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की पुण्य तिथि के अवसर पर उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

*******************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 मई को ईस्टर्न जोनल काउंसिल (पूर्वी क्षेत्र परिषद) की बैठक में हिस्सा लेने रांची आएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड के अलावा बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों के अलावा चारों राज्यों के मुख्य सचिव सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।
बैठक की सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस तैयारियों में जुट गई है। इसे लेकर गुरुवार को डीआईजी सह रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

*******************

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर अब गर्मी की छुट्टियों के बाद सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया है और मामला अन्य बेंच को भेजने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि ईडी ने 15 मई 2024 को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनके आप्त सचिव संजीव लाल के ठिकानों पर छापेमारी में ईडी को 32 करोड़ नकद और महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले थे।

*******************

रांची की पीएमएलए विशेष अदालत हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर की जमानत याचिका पर आज फैसला सुनाएगी। 8.86 एकड़ जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 9 मई 2024 को ईडी ने इरशाद अख्तर के साथ कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के कर्मचारी तपस घोष और संजीत कुमार को गिरफ्तार किया था। इस कथित भूमि घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत दर्जनभर से अधिक लोगों पर ईडी ने आरोप लगाए हैं।

*******************

राजधानी रांची में प्रदेश कांग्रेस ओबीसी मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है।
मौके पर कांग्रेस नेता राजन वर्मा और राजेश गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी भागीदारी के पक्षधर रहे हैं।

*******************

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह में अप्रैल महीने के दौरान, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 12 दशमलव छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह अब तक के सबसे अधिक दो लाख 37 हजार करोड रुपये पर पहुंच गया। केंद्रीय जीएसटी संग्रह इसी माह के दौरान बढकर 48 हजार 634 करोड रुपये और राज्य जीएसटी बढकर 59 हजार 372 करोड रुपये पर पहुंच गया।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कल राज्य के विभिन्न जिलों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की। डीजीपी ने नक्सल विरोधी अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 12 निर्देश जारी किए, जिसमें लेवी मांगने वाली घटनाओं की समीक्षा, नक्सलियों की संपत्तियों पर कार्रवाई, और फरार अभियुक्तों के खिलाफ कुर्की कार्रवाई शामिल है। उन्होंने नक्सलियों के खिलाफ सूचना तंत्र मजबूत करने और अभियानों के प्रचार–प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया।

*******************

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल की है।

*******************

दुमका सदर प्रखंड का आंदीपुर कुरुवा, पारंपरिक शिल्पियों का एक ऐसा गांव है, जहां हर किसी के पास कलाकार होने का भारत सरकार से मिला पहचान–पत्र है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

खूंटी जिले के बुंडू रेंज अंतर्गत दुलमी जंगल में एक मादा हाथी अपने दो बच्चों के साथ गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाई गई है। वन विभाग ने भीड़ को दूर रहने की अपील की है और स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा है ताकि हाथियों को परेशान न किया जाए।

*******************

मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए बताया कि राज्य के 20 जिलों में आज बारिश के साथ तेज हवाएं और वज्रपात की संभावना है। रांची में आंशिक बादल छाए रहेंगे और तापमान 32 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंचने का अनुमान है।

*******************

आईपीएल टी–ट्वेंटी क्रिकेट में मुंबई इंडियन्स ने कल रात राजस्थान रॉयल्स को सौ रन से हरा दिया। मुंबई द्वारा दिए गए 218 रन के लक्ष्य के जवाब में राजस्थान की टीम 117 रन पर सिमट गई। राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट और कर्ण शर्मा ने 3–3 विकेट लिए।

*******************

अखबारों की वेबसाईट की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने मजदूर दिवस के अवसर पर राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने के अलावा अन्य खबरों को भी प्रमुखता दी है।

प्रभात खबर ने राज्य के मौसम में अगले छह दिन बदलाव और झमाझम बारिश की खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– अरब सागर में युद्धपोत तैनात– युद्धाभ्यास।

दैनिक हिंदुस्तान ने अपने पहले पन्ने पर लिखा है – जीएसटी संग्रह सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा।

**************